TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

27 दिसम्बर 2025


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

बुराई अज्ञानता से आती है।

सुकरात




राकेश कुमार

मधु प्रिया


# अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष स्थापना दिवस 27 दिसंबर

इण्टरनेशनल मॉनिटरी फ़्रण्ड , आईएमएफ़ एक अन्तरराष्ट्रीय संस्था है, जो अपने सदस्य राष्ट्रों की वैश्विक आर्थिक स्थिति पर दृष्टि रखने का कार्य करती है। यह अपने सदस्य देशों को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करती है। यह संगठन अन्तरराष्ट्रीय विनिमय दरों को स्थिर रखने के साथ-साथ विकास को सुगम करने में सहायता करती है।इसका मुख्यालय वॉशिंगटन डी॰ सी॰, संयुक्त राज्य में है। इस संगठन के प्रबन्ध निदेशक डॉमनिक स्ट्रॉस है। आईएमएफ़ की विशेष मुद्रा एसडीआर (स्पेशल ड्राइंग राइट्स) है। अन्तरराष्ट्रीय व्यापार और वित्त के लिए कुछ देशों की मुद्रा का इस्तेमाल किया जाता है, इसे एसडीआर कहते हैं। एसडीआर में यूरो, पाउण्ड, येन और डॉलर हैं। आईएमएफ़ की स्थापना 1944 में की गई थी। विभिन्न देशों की सरकार के 45 प्रतिनिधियों ने अमेरिका के ब्रिटेन वुड्स में बैठक कर अन्तरराष्ट्रीय आर्थिक समझौते की रूपरेखा तैयार की थी। 27 दिसम्बर, 1945 को 29 देशों के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद आईएमएफ़ की स्थापना हुई।

# जयंती विशेष 27 दिसम्बर




लांस नायक **अलबर्ट एक्का** (27 दिसम्बर 1942 - 3 दिसम्बर 1971) एक भारतीय सैनिक थे जो भारत-पाकिस्तान युद्ध 1971 में हिली की लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

# जयंती विशेष 27 दिसम्बर

सवा लाख से एक लड़ाऊं,
चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं,
तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं!
- गुरु गोबिंद सिंह

**गुरु गोबिंद सिंह जयंती की लख-लख बधाइयां**



गुरु गोबिन्द सिंह जी (जन्म: पौषशुक्ल सप्तमी संवत् ) सिखों के दसवें और अंतिम गुरु थे। श्री गुरू तेग बहादुर जी के बलिदान के उपरान्त **11** नवम्बर सन् **1675** को **10** वें गुरू बने। आप एक महान योद्धा, चिन्तक, कवि, भक्त एवं आध्यात्मिक नेता थे। सन् **1699** में बैसाखी के दिन उन्होंने खालसा पंथ (पन्थ) की स्थापना की जो सिखों के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है।



राकेश कुमार

TOB खेल कॉर्नर

# मेंस लिस्ट-A क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी

| उम्र | खिलाड़ी | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| 14 साल 272 दिन | वैभव सूर्यवंशी | अरुणाचल प्रदेश | 2025 |
| 15 साल 209 दिन | जहूर इलाही | रेलवे | 1986 |
| 16 साल 9 दिन | रियाज हसन | बूस्ट रीजन | 2018 |
| 16 साल 91 दिन | उस्मान तारिक | गुजरांवाला | 2000 |
| 16 साल 92 दिन | नासिर जमशेद | कराची डॉल्फिन्स | 2006 |
| 16 साल 107 दिन | अंबाती रायुडू | गोवा | 2002 |
| 16 साल 109 दिन | बाबर आजम | सियालकोट स्टैलियंस | 2011 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **27.12.2025**

## परिणाम मूल्यांकन

परिणाम मूल्यांकन **(Outcome Evaluation)** किसी कार्यक्रम या गतिविधि के अंत में उसके अपेक्षित परिणामों **(desired results)** को मापने और यह निर्धारित करने की प्रक्रिया है कि क्या लक्ष्य हासिल हुए हैं; इसमें ज्ञान, कौशल, व्यवहार या सामुदायिक स्तर पर हुए वास्तविक बदलावों की पहचान और माप शामिल है, जो सुधार के लिए महत्वपूर्ण है और जवाबदेही तय करता है।


राकेश कुमार


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
भारत ने के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण कर लिया है। यह मिसाइल चिन के हर हिस्से तक पहुँच कर हमला करने में सक्षम है।
www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार



# आज शिक्षा के पवित्र आँगन में, सम्मान के नाम पर सौदेबाज़ी चल रही है।



पहले शिक्षक के कानों में मीठे शब्द डाले जाते हैं—
'आप अद्भुत हैं, आप मिसाल हैं, आप बदलाव हैं'—
और फिर उसी भावुक क्षण में रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर उनकी ईमानदार जेब में हाथ डाला जाता है।

पुरस्कार वही होता है जो बिना माँगे मिले, जो बिना कीमत चुकाए आँखें नम कर दे।
पैसे देकर पाया गया सम्मान सम्मान नहीं— एक सुंदर ढंग से किया गया धोखा होता है।
अगर शिक्षा बिकने लगे और सम्मान खरीदा जाने लगे, तो समझ लीजिए हम ज्ञान नहीं, भ्रम की पीढ़ी तैयार कर रहे हैं।

अब समय है— शिक्षक चुप न रहें।
क्योंकि शिक्षक अगर चुप रहा, तो आने वाली पीढ़ियाँ सच और झूठ का फर्क भी किससे सीखेंगी?





TEACHERS OF BIHAR · THE CHANGE MAKERS

*"सम्मान बिकेगा नहीं, शिक्षक झुकेगा नहीं।"*

**सच के साथ खड़ा है—टीचर्स ऑफ बिहार**

www.teachersofbihar.org

#NoPaidAwards

# पद्य पंकज

“

बनबाला के गीतों सा,निर्जन में बिखरा है मधुमास,
इन कुंजों में खोज रहा है,सूना कोना मन्द बतास।
नीरव नभ के नयनों पर,हिलतीं हैं रजनी की अलकें,
जाने किसका पंथ देखतीं,बिछ्कर फूलों की पलकें।
मधुर चाँदनी धो जाती है,खाली कलियों के प्याले,
बिखरे से हैं तार आज,मेरी वीणा के मतवाले;
पहली सी झंकार नहीं है,और नहीं वह मादक राग,
अतिथि! किन्तु सुनते जाओ,टूटे तारों का करुण विहाग।

**महादेवी वर्मा**

Madhu priya

27 दिसंबर



सिखों के दसवें गुरु

# गुरु गोविंद सिंह

की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मिर्जा गालिब
जन्म- 27 दिसंबर 1796
मृत्यु- 15 फरवरी 1869
Madhu priya
www.teachersofbihar.org